**दिनांक: 13 दिसंबर 2023**

# ग्लोबल रिवर सिटीज एलायंस (जीआरसीए)


(यह लेख 'द हिन्दू' और 'इंडियन एक्सप्रेस' के संपादकीय सहित, प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो के लेखों के संक्षेपित सार से संबंधित है। इसमें योजना IAS टीम के सुझाव भी हैं और यह विशेषकर यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के पेपर- 3, पर्यावरण और पारिस्थितिकी से संबंधित है। "दैनिक करेंट अफेयर्स" के तहत, यह लेख "ग्लोबल रिवर सिटीज एलायंस (जीआरसीए)" के साथ जुड़ा हुआ है।)

**सामान्य अध्ययन पेपर – 3 ( पर्यावरण और पारिस्थितिकी )**
**चर्चा / खबरों में क्यों ?**

ग्लोबल रिवर सिटीज़ एलायंस (जीआरसीए) की शुरुआत भारत सरकार के प्रमुख 'नमामि गंगे कार्यक्रम / योजना ' के कार्यान्वयन निकाय, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) द्वारा की गई है।
ग्लोबल रिवर सिटीज एलायंस (जीआरसीए) भारत के रिवर सिटीज एलायंस के आधार पर बनाई गई एक सहयोगी पहल है, जिसे नवंबर 2021 में **'जल शक्ति मंत्रालय'** के तहत **'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी)'** और आवास और शहरी मंत्रालय के तहत शहरी मामलों के राष्ट्रीय संस्थान द्वारा स्थापित किया गया है।

**जीआरसीए में सम्मिलित राष्ट्र और समर्थन देने वाले देश :**

भारत, डेनमार्क, कंबोडिया, जापान, भूटान, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, मिस्र और घाना सहित नौ देश जीआरसीए का हिस्सा हैं।
विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक और एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक जैसी बहुपक्षीय फंडिंग एजेंसियों ने इस पहल के लिए अपना समर्थन देने का वादा किया है।



**इस सहयोगात्मक प्रयास का केन्द्रित क्षेत्र:**

जीआरसीए पारिस्थितिक तंत्र पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को संबोधित करने के लिए एकीकृत नदी प्रबंधन में क्षमता निर्माण और ज्ञान के आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित करता है।

इस पारस्परिक सहयोग योजना/ कार्यक्रम में एक व्यापक जल निगरानी कार्यक्रम, शहरी क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं / विधाओं को साझा करना और टिकाऊ शहरी विकास के लिए जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करना शामिल है।

हरित स्थानों के महत्व पर जोर देते हुए शहरी जंगलों और नदियों से जुड़ी झीलों को बहाल करने की पहल का इसमें विस्तार किया गया है।

**भारत में नदी शहर गठबंधन**:

भारत में रिवर सिटीज़ अलायंस ( नदी शहर गठबंधन ) नदी और शहर के बीच के आपसी संबंधों , शहरी नदियों के स्थायी प्रबंधन के लिए विचार करने, चर्चा करने और जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

यह जल शक्ति मंत्रालय और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है। **नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) और नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी)** ने रिवर सिटीज एलायंस शुरू करने के लिए साझा कार्यक्रम शुरू किया है।

**उद्देश्य:**

प्राथमिक उद्देश्य भाग लेने वाले शहरों को टिकाऊ शहरी नदी प्रबंधन पर महत्वपूर्ण जानकारी पर चर्चा करने के लिए और टिकाऊ शहरी नदी प्रबंधन के क्षेत्र में आपसी ज्ञान आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इसमें नदियों और जल निकायों पर प्रभाव को कम करना, वाटर फूट प्रिंट्स (जल पदचिह्नों ) को कम करना, वास्तुशिल्प विरासत को संरक्षित करना और पुन: उपयोग और रीसाइक्लिंग रणनीतियों के माध्यम से आत्मनिर्भर जल संसाधनों का विकास करना शामिल है।

**वर्तमान विकास:**

- भारत में रिवर सिटीज़ अलायंस में वर्तमान में 142 नदी शहर शामिल हैं, जो इसमें शामिल सदस्यों के लिए उनकी प्रशासनिक सीमाओं के भीतर शहरी नदियों की स्थिति को बढ़ाने के लिए एक समर्पित मंच के रूप में कार्य कर रहे हैं।
- हाल ही में, NMCG ने COP28 के मौके पर मिसिसिपी नदी के किनारे स्थित 124 शहरों/कस्बों का प्रतिनिधित्व करते हुए मिसिसिपी रिवर सिटीज एंड टाउन्स इनिशिएटिव (MRCTI) के साथ सामान्य प्रयोजन के एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ।
- इस सहयोगात्मक प्रयास में व्यापक जल निगरानी, शहरी क्षेत्र के नवीनीकरण के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं/ विधाओं और सतत शहरी विकास के लिए पहल पर चर्चा की जाएगी।
- यह सहयोगात्मक प्रयास वैश्विक स्तर पर सतत नदी प्रबंधन के लिए सक्रिय पर्यावरणीय प्रबंधन और नवीन समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

स्रोत:
https:// Indianexpress.com/article/india/india-led-global-river-cities-alliance-launched-at-cop28-9064183/

**प्रारंभिक परीक्षा के लिए अभ्यास प्रश्न** :

**Q.1 हाल ही में समाचारों में आए ग्लोबल रिवर सिटीज़ अलायंस (GRCA) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली पहल है।
2. इसे विश्व बैंक द्वारा समर्थित किया जाना है।
3. सभी सार्क देश इस पहल का हिस्सा हैं।

**उपरोक्त में से कितने कथन सही है / हैं?**

(a) केवल एक

(b) केवल दो

Yojna IAS
योजना है तो सफलता है
yojnaias.com

(c) तीनों
(d) कोई नहीं
**उत्तर: (a)**

**मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यास प्रश्न:**

**Q 1. टिकाऊ शहरी नदी प्रबंधन के संदर्भ में ग्लोबल रिवर सिटीज अलायंस (जीआरसीए) के उद्देश्यों, संरचना और इसके कार्य क्षेत्रों पर चर्चा करते हुए परीक्षण कीजिए की यह किस प्रकार सतत विकास के लिए आवश्यक है ?**

**Akhilesh kumar shrivastav**

Yojna IAS
योजना है तो सफलता है
yojnaias.com